### पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन ने करवाया पंजाब इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 टूर्नामेंट का मैच

# खुश और अकुल की बदौलत नवांशहर ने फतेहगढ़ साहिब को 79 रन से हराया

भास्कर न्यूज़ | नवांशहर

पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित पंजाब इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 (2025-26) टूर्नामेंट के मैच में नवांशहर की अंडर-16 की टीम ने फतेहगढ़ साहिब की टीम को पहली पारी की बढ़त के आधार पर 79 रन से हरा दिया। मैच में नवांशहर की ओर से खुश गुप्ता ने 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली व अकुल कुमार ने 5 विकेट हासिल की। पीके सरीन और राकेश जोशी ने बताया कि मैच में फतेहगढ़ साहिब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इसमें फतेहगढ़ साहिब की टीम ने पहली पारी में 56.5 ओवर में दस विकेटों के नुकसान पर 152 रन बनाए। इसमें गुरसिदक सिंह ने सबसे ज्यादा 74, प्रभजोत सिंह ने 29 और अमालिक गुप्ता ने 10 रन बनाए तथा फतेहगढ़ साहिब की टीम का अन्य कोई खिलाड़ी टिक कर न खेल सका। नवांशहर की ओर से अकुल कुमार ने 5 विकेट, अमृत सिंह गिल ने 2, शरनजोत सिंह और खुश कुमार गुप्ता ने 1-1 विकट ली। इसके जबाव में नवांशहर की टीम ने पहली पारी में 90 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए। इसमें खुश कुमार गुप्ता सबसे अधिक ने 63, नमन शर्मा ने 44, शरनजोत सिंह ने 39 और जसकरन सिंह ने 19 रनों का योगदान दिया। फतेहगढ़ साहिब की ओर से प्रभजोत सिंह, वेदांत लहोती, अमालिक गुप्ता और गुरसाहिब सिंह ने दो-दो विकेटें और सुकरीत सरीन ने 1 विकेट लिया। पहली पारी में 79 रन से पिछड़ने के बाद फतेहगढ़ साहिब की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 30 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाए। पहली पारी में मिली 79 रन की बढ़त के आधार पर नवांशहर की टीम को विजयी घोषित दिया गया। मैच में नवांशहर की टीम को 3 और फतेहगढ़ साहिब की टीम को 1 प्वाइंट मिला।



मैच के बाद नवांशहर टीम के खिलाड़ी।